पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर को नेचर इंडेक्स रैंकिंग में सफलता प्राप्त करने पर दी बधाई

लखनऊ : 11 अगस्त, 2024

राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा नेचर इंडेक्स रैंकिंग में सफलता प्राप्त करने पर बधाई दी है। विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल किया है।

नेचर इंडेक्स रैंकिंग, जो प्राकृतिक विज्ञान की उच्च गुणवत्ता वाली पत्रिकाओं में योगदान के आधार पर संस्थानों का आकलन करती है, ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को देश के प्रमुख संस्थानों में स्थान दिया है। विश्वविद्यालय ने भारत के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में 103वें और विश्वविद्यालयों में 47वें स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज की है।

ज्ञातव्य है कि दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर को इससे पहले नैक में 'ए प्लस प्लस' ग्रेड हासिल हो चुका है। इसके अलावा, यूनिवर्सिटी ने क्यू.एस. एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग सहित कई अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी अपनी पहचान बनाई है। यूनिवर्सिटी को यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यू.जी.सी.) से क्लास 1 का दर्जा भी प्राप्त है। यूनिवर्सिटी को हाल ही में पी.एम.ऊषा योजना के तहत एम.ई.आर.यू. (बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान

विश्वविद्यालय) के लिए 100 करोड़ रुपये की फंडिंग प्राप्त हुई है। यह फंड यूनिवर्सिटी के रिसर्च और ऐकडेमिक बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने में सहायक होगी।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि हेतु उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन को श्रेय दिया।

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी,
डॉ0 संगीता चौधरी, राजभवन
मो0 : 9454468250